<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3016

21 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में युवा पेशेवरों का नियोजन

3016. श्री संजय सिंहः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपने सेवानिवृत्त पेशेवरों के बदले में इस उद्योग में युवा पेशवरों के नियोजन हेतु अभी तक कोई भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं किया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) यदि हां, तो 2012 में आधुनिकीकरण और विस्तार लागू होने से लेकर अभी तक 25-40 वर्ष की आयु वाले भर्ती प्राप्त पेशेवरों की प्रतिशतता या संख्या का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के पास वार्षिक मानव संसाधन योजना (एचआरपी) तैयार करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया मौजूद है, ताकि अधिवर्षिता से हुई कमी पूरी हो सके तथा आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजनाओं के अंतर्गत नई सुविधाओं के लिए जनशक्ति उपलब्ध हो सके। एचआरपी तैयार करते समय जनशक्ति का योक्तिकरण करने, जनशक्ति लागत में कमी करने तथा आयु, योग्यता और कौशल की दृष्टि से जनशक्ति के प्रोफाइल में सुधार करने इत्यादि पर जोर दिया जाता है। वर्ष 2015-16 तक के पूर्व एचआरपी में अधिवर्षिता से हुई कमी का 15% से 25% तक की भरपायी की गई थी ताकि महत्वपूर्ण तैनातियों की कमी को समय से पूरा किया जा सके। तथापि, वर्ष 2016-17 के बाद सांविधिक और महत्वपूर्ण तैनातियों में हुई कमी को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

सेल में वर्ष 2012-13 के बाद भर्ती/कार्यभार ग्रहण की संख्या का वर्षवार ब्यौरा, जिसमें 25-40 वर्ष की आयु के बीच भर्ती किए गए पेशेवरों की संख्या सम्मिलित है, नीचे दिया गया है:-

वर्ष	भर्ती / कार्यभार ग्रहण की संख्या		
	कार्यकारी	गैर-कार्यकारी	कुल
2012-13	679	2922	3601
2013-14	517	3059	3576
2014-15	812	1829	2641
2015-16	356	1841	2197
2016-17	16	1419	1435
2017-18 (फरवरी,2018 तक)	27	427	454

****